राजस्थान सरकार

राजस्थान शिक्षाकर्मी बोर्ड

शिक्षा संकुल परिसर, पंचम ब्लॉक, पंचम तल, जे0एल0एन0मार्ग,जयपुर

PH.NO. 0141-2700164 Email-ddskb05@gmail.com

क्रमांकः–राशिकबो/जय/फा–(6)109/2018/ 6012 – 6208 जयपुर दिनांकः– 2/01/2019

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, **अत्यावश्यक/ईमेल**

पंचायत समिति———————(समस्त)

जिला – ——————————

विषयः– ईपीएफ खातों को आधार एवं बैंक अकाउण्ट से जोड़ने बाबत।

संदर्भः– बोर्ड पत्रांक 11515–11659 दिनांक 03.10.2016, 4146–4291 दिनांक 31.07.2017, 5087–5232 दिनांक 07.09.2017 एवं 2288–2429 दिनांक 18.06.2018 के संदर्भ में।

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रों के कम में लेख है कि ईपीएफ से प्राप्त परिपत्रों के आधार पर आपको समय–समय पर शिक्षाकर्मियों के ईपीएफ खातों को अपडेट करने के निर्देश दिये गये थे। ईपीएफ विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि अभी भी आपके द्वारा आपके ब्लॉक में कार्यरत शिक्षाकर्मियों के ईपीएफ खाते शिक्षाकर्मी बोर्ड द्वारा जारी संदर्भित पत्रों के आधार पर अपडेट (अद्यतनीकरण) नहीं किये गये है, जो कि कार्य के प्रति उदासीनता का द्योतक है।

आपके ब्लॉक में कार्यरत सभी भविष्य निधि सदस्यों के यूएएन पर आधार कार्ड एवं बैंक खाते के अकाउण्ट की फिडिंग करवाने के साथ–साथ सभी के मोबाईल नम्बर भी एक्टिवेट करवाना सुनिश्चित करें।

जिन भविष्य निधि सदस्यों द्वारा नौकरी छोड़ दी गई है उनके सम्बन्ध में पोर्टल पर सेवा छोड़ने की तिथि की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें ताकि सेवा छोड़ चुके अंशदाता अपने दावे आन लाईन प्रस्तुत कर सकें। इस कम में समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डिजिटल हस्ताक्षर लेकर उपरोक्त समस्त दावों को समय पर भुगतान किया जाना सुनिश्चित करावें।

अतः इस कम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आपको ईपीएफ विभाग द्वारा आवंटित ईपीएफ कोड में सम्मिलित सदस्यों के उनके ईपीएफ यूएनए नम्बर से मोबाईल/आधार कार्ड एवं बैंक खाता जोड़कर शिक्षाकर्मी बोर्ड कार्यालय को अवगत करायें। इनके अभाव में यदि कोई विपरित विधिक परिस्थिति अथवा ईपीएफ खाता धारको को किसी भी प्रकार की वित्तीय हानि होती है तो आप व्यक्तिशः जिम्मेदार होंगे।

कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

सचिव
राजस्थान शिक्षाकर्मी बोर्ड
जयपुर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

01. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, निधि भवन, ज्योति नगर, जयपुर
02. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय, 130 पश्चिम पाल विस्तार योजना, जोधपुर
03. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, चित्रकूट नगर, भुवाणा, उदयपुर

www.rajteachers.com

सचिव
राजस्थान शिक्षाकर्मी बोर्ड
जयपुर